राजस्थान सरकार

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम, जिला राजसमंद

पीठासीन अधिकारीः– श्री विकास शर्मा आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या –22/2023 प्रा0पत्र

अनवान

मीना चौहान पुत्री स्व. चुन्नीलाल पत्नि आनन्दसिंह जाति रावत, निवासी पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द हाल निवासी 1/25 मसूदारोड गडी थोरियान हाउसिंग बोर्ड, ब्यावर जिला ब्यावर।

.... प्रार्थीया

बनाम

1. उषा पुत्री कुबेरसिंह जाति रावत उम्र 50 वर्ष निवासी पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द।
2. कमला पुत्री चुन्नीलाल पत्नि चिमनसिंह जाति रावत उम्र 65 वर्ष निवासी पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द हाल निवासी कोटड़ा बंगला का बाड़िया तहसील ब्यावर जिला ब्यावर।
3. कान्ता पुत्री चुन्नीलाल पत्नि भगवानसिंह जाति रावत उम्र 62 वर्ष निवासी पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द हाल निवासी कामलीघाट तहसील देवगढ़ जिला राजसमंद।
4. किर्तिका कंवर पुत्री किशोरसिंह जाति रावत उम्र 22 वर्ष।
5. जसवन्तसिंह पुत्र चुन्नीलाल जाति रावत उम्र 62 वर्ष।

   समस्त निवासीयान पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द।
6. मनोहरसिंह पुत्र चुन्नीलाल जाति रावत उम्र 55 वर्ष निवासी पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द हाल निवासी 1/25 मसूदारोड गडी थोरियान हाउसिंग बोर्ड, ब्यावर जिला ब्यावर।
7. रणजीतसिंह पुत्र चुन्नीलाल जाति रावत उम्र 75 वर्ष।
8. लक्ष्यजीतसिंह पुत्र किशोरसिंह जाति रावत उम्र 24 वर्ष
9. शांतादेवी पत्नी किशोरसिंह जाति रावत उम्र 42 वर्ष
10. सोनिया कंवर पुत्री किशोरसिंह जाति रावत उम्र 20 वर्ष

    समस्त निवासीयान पीपलीनगर तहसील भीम जिला राजसमन्द।
11. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील भीम जिला राजसमन्द

.... अप्रार्थीगण

उपस्थिति :–

01. प्रार्थीया की ओर से अधिवक्ता श्री बलवीर सिंह
02. अप्रार्थी की ओर से पैरोकार सरकार

<u>प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956</u>

निर्णय दिनांकः– 12/11/2025

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीया उपस्थित। प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थीया की मौजा टेलडा, पटवार हल्का बग्गड, तहसील भीम की जमाबंदी अंतिम चौसाला आधार संवत 2076–79 जमाबन्दी 2077 के अनुसार खाता संख्या 72 में निम्न कृषि भूमि स्थित है –

खाता संख्या	खसरा संख्या	रकबा हैक्टेयर	किस्म
	1267/883	0.0243	गै.मु.चाह
	853	0.3561	बारानी 2
	854	0.0405	बंझड
	855	0.1295	गै.मु.बाडा
	856	0.0688	बंझड
72	881	0.2145	बंझड
	883 मीन	0.1376	बंझड
	885	0.4694	बारानी 2
	886	0.0587	गै.मु.नाली
	887	0.4128	बारानी 2
	888	0.4290	बारानी 2

उक्त वादग्रस्त आराजी प्रार्थीया को अपने पिता स्व. चुन्नीलाल पुत्र गोविंदसिंह से विरासत में प्राप्त हुई है। नामान्तकरण दर्ज करते समय प्रार्थीया का नाम मीना चौहान की जगह मुन्नी पुत्री चुन्नीलाल दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थीया का वास्तविक नाम मीना चौहान है। प्रार्थीया ने वर्णित खसरों में अपना नाम मुन्नी पुत्री चुन्नीलाल की जगह मीना चौहान पुत्री चुन्नीलाल किए जाने का निवेदन किया है।

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगणों को मय नकल प्रार्थना पत्र सम्मन जारी किया गया। अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 10 के अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी। तहसीलदार भीम द्वारा प्रस्तुत जवाब अनुसार प्रार्थीया का नाम मुन्नी पुत्री चुन्नीलाल की जगह मीना चौहान पुत्री चुन्नीलाल दर्ज किए जाने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं । दौराने बहस वकील प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र के बिन्दु दोहराये। हमने प्रार्थीया के प्रार्थना पत्र, जमाबंदी, प्रस्तुत साक्ष्य, अप्रार्थी के जवाब का अवलोकन किया। उक्त आधार पर खाता संख्या 72, खसरा संख्या 1267/883, 853, 854, 855, 856, 881, 883 मीन, 885, 886, 887, 888 में प्रार्थीया का नाम मुन्नी पुत्री चुन्नीलाल की जगह मीना चौहान पुत्री चुन्नीलाल दर्ज किए का आदेश दिया जाता है। पालना हेतु तहसीलदार भीम को लिखा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम की जावें।

निर्णय आज दिनांक 12/11/25 को खुले इजलास सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
उपखण्ड अधिकारी, भीम
भीम
जिला - राजसमन्द